कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक-09.04.2025

विषयः-बोलेरो पिकअप में क्रूरतापूर्वक लदे 17 राशि भैस(पड़वा-पड़िया) सहित 2 अभियुक्तगण थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा बरामद, और गिरफ्तार ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी भेलूपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 08.04.2025 को भेलूपुर पुलिस द्वारा कामच्छा तिराहा के पास से एक अदद बोलेरो पिकअप जिसमें कुल-17 राशि भैस(पड़वा-पड़िया) लदे हैं, बरामद किया गया। साथ ही साथ 2 अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 08.04.2025 को उच्चाधिकारीगण के आदेश के क्रम में अवैध मादक पदार्थ एवं गौ तस्करी की रोकथाम हेतु चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मिर्जापुर की तरफ से एक बोलरो पिकअप से कुछ लोग गोवंश को क्रूरता पूर्वक लादकर कही लेकर जा रहे हैं इस सूचना पर विश्वास करते हुए थाना भेलूपुर पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन संख्या नं0 UP64BT7946 सहित 2 अभियुक्तगण तथा उपरोक्त वाहन में 17 राशि भैस(पड़वा-पड़िया) क्रूरतापूर्वक लदे पाये गए

बरामदगी का विवरण-बोलेरो पिकअप यूपी- 64बीटी-7946(सीज बरामद) में लदे कुल 17 राशि भैस(पड़वा-पड़िया) जिंदा बरामद ।

घटना का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 08.04.2025 को कमच्छा तिराहे के पास से, थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।

अभियुक्त गण का विवरण

1. साहिल पुत्र सिराज निवासी अहरौरा बाज़ार थाना अहरौरा जिला मिर्जापुर उम्र करीब 23 वर्ष
2. मो0 जमशेद पुत्र अहमद अली निवासी खुटहनिया थाना करमा जिला सोनभद्र उम्र 22 वर्ष

पंजीकृत अभियोग विवरण -

1. मु0अ0सं0 0119/2025 धारा-11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. श्री गोपाल जी कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शैलेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी रेवड़ी तालाब, थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 विजय कुमार थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हेड कांस्टेबल अजय कुमार,कांस्टेबल हरिशंकर यादव, कांस्टेबल सर्वेश सिंह, , कांस्टेबल सुरेश थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. एसओजी टीम

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त कार्यालय

जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी